सफलता की कहानी

स्कीम का नाम	ईएसडीपी स्कीम
कार्यक्रम का नाम	खाद्य प्रसंस्करण एवं बेकरी उत्पादों पर आधारित उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी)
कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी	**श्री गौरव गोयल, सहायक निदेशक**
प्रशिक्षण अवधि	16—10—2019 से 29—11—2019
प्रशिक्षणार्थी का नाम	**दीपक राय, पिता श्री शशिकुमार राय**
पता :	338—340 अवंतिका नगर, आइडियल स्कूल के पास, इंदौर (म .प्र .) पिन— 452006 मोबाईल नम्बर : 7000925575

पारिवारिक पृष्ठभूमि :

दीपक राय का जन्म मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था, उन्होंने इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं बैचलर डिग्री मेकेनिकल विषय में प्राप्त करके विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों — होण्डा, गजरा गियर्स, मान टक, बीवीपीपीएल, एसएससी में प्रबंधक के पद पर कार्य किया किन्तु उनको जॉब के दौरान सेटिस्फेक्शन नहीं मिला क्योंकि वे अपना खुद का बिजनेस करना चाहते थे किन्तु कोई अनुभव और नॉलेज नहीं होने से साहस नहीं जुटा पा रहे थे, दूसरी ओर उनके पास स्वयं की पूॅजी भी नहीं थी । इसी दौरान उन्होंने एमएसएमई डीआई, इंदौर के द्वारा आयोजित ईएसडीपी कार्यक्रम में भाग लिया । इस प्रशिक्षण से उन्हें नॉलेज, साहस, सेल्स, डिजिटल मार्केटिंग आदि की जानकारी मिली जिससे उन्होंने उज्जैन जिले में ग्रासरी बिजनेस— फुड बास्कट शॉप को परिवार की सहायता से प्रारम्भ किया और आज की स्थिति में इसे सफलतापूर्वक चला रहे हैं और इसकी सफलता को देखकर दूसरी ब्रांच को शुरू करने के लिए भी प्लॉनिंग कर रहे हैं ।

Certificate No.: 3150/E-SDP/MSME-DI/2019-20/11

भारत सरकार
Government of India
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
विकास आयुक्त का कार्यालय
Office of Development Commissioner
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम)
(Micro, Small and Medium Enterprises)

प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र
Certificate of Participation

This is to certify that **Mr. DEEPAK RAI S/o. Mr. SHASHI KUMAR RAI** has participated in **ENTREPRENEURSHIP-CUM-SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME (E-SDP)** during the period from **16/10/2019** to **29/11/2019** on the the topic **FOD AND FRUIT PROCESSING INDUSTRIES** organized at **TPDC, MSME DEVELOPMENT INSTITUTE, INDORE** and has successfully completed.

स्थान / Place.: INDORE
दिनांक / Date: 09-12-2019

नाम और हस्ताक्षर, कार्यक्रम समन्वयक
Name & Sign., Programme Coordinator
GAURAV GOYAL

हस्ताक्षर प्रभारी अधिकारी
Signature of Officer In-charge MSME-Development Institute/Branch DI/Technology Centre
MSME-DI INDORE
Seal with name and Designation

ईएसडीपी कार्यक्रम के संबंध में :

दीपक राय को स्वयं का रोजगार प्रारम्भ करने की इच्छा प्रबल थी किन्तु स्वयं की जमीन, पूॅजी, और मार्गदर्शन का अभाव होने से यह साकार नहीं हो पा रहा था । इसी दौरान उन्होंने समाचार—पत्र दैनिक भास्कर में एमएसएमई विकास संस्थान, इंदौर द्वारा उद्यमिता सह कौशल विकास

कार्यक्रम का विज्ञापन देखा और **संस्थान के अधिकारी श्री गौरव गोयल** से जानकारी प्राप्त करके इसमें भाग लिया । प्रशिक्षण में **अनुदेशक श्री जगदीश दवे जी** के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रॉडक्ट को बनाने की विधि एवं प्रायोगिक अभ्यास प्राप्त किया साथ ही प्रोजेक्ट चयन, माकेट सर्वे, प्रोजेक्ट प्रोफाईल तैयार करना, औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण आदि गतिविधियों से ज्ञान प्राप्त किया । इसके साथ ही डिजिटल मार्केटिंग , फुड सेफ्टी इत्यादि की भी जानकारी प्राप्त की । **कार्यक्रम के पश्चात संस्थान के निदेशक प्रभारी श्री डी.सी.साहू के द्वारा प्रमाण पत्र संख्या : 3150/ईएसडीपी/एसएसएमई डीआई/2019–20/।। दिनांक 09–12–2019 को प्रदान किया गया ।**

स्वयं का उद्योग स्थापित करना :–

दीपक राय के परिवार में कोई भी फुड से संबंधित व्यवसाय में नहीं था और ना ही कोई सदस्य इसे प्रारम्भ करने की सलाह दे रहा था क्योंकि सफलता की दृष्टि से ये बहुत जोखिम भरा व्यवसाय था । सबसे पहले दीपक राय ने एक टीम बनाकर लकड़ी की घानी से खाद्य तेल बनाने की सेल्स मार्केटिंग स्वयं बाईक से शुरू करके फुड मार्केट को समझा फिर अपनी पुरानी बचत को इकट्ठा करके योजना बनाई जिसमें उनकी बुआ बिंदा राय ने उज्जैन में अपनी शॉप की जमीन देकर उनको सहयोग प्रदान किया । उन्होंने धीरे–धीरे बाजार में विभिन्न आयटम्स की मांग को समझा फिर उन्होंने अपना फुड बॉस्केट शॉप स्टार्ट करके सफलता को प्राप्त किया । एमएसएमई द्वारा प्रदान की गई ट्रेनिंग से उन्होंने पाया कि अपना बिजनेस स्टार्ट करने के लिए सरकार पूरा सहयोग जैसे – भूमि, लोन, प्रशिक्षण आदि प्रदान करती है बस आप एक कदम आगे बढाएं बाकि 99 कदम अपने आप आ जाते हैं । श्री दीपक राय अपनी उक्त सफलता के लिए एमएसएमई विकास संस्थान को श्रेय देते हैं एवं फुड सेफ्टी ट्रेनिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनिंग के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद करते हैं श्री राय समय समय पर एमएसएमई के अन्य कार्यक्रमों में भी नियमित रूप से भाग लेते हैं तथा अधिकारियों से मार्गदर्शन भी प्राप्त करते रहते हैं ।

——————————